## एक नजर में

### नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने विधायक निवास पहुंचकर दिया आशीर्वाद



**मांडू।** अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर होने वाले आयोजित मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के बीच आज एक विशेष और शुभ क्षण देखने को मिला। इस अवसर पर नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय अपने व्यस्त कार्यक्रमों के बावजूद विधायक कालू सिंह ठाकुर के निवास पहुंचे। गौरतलब है कि अक्षय तृतीया के दिन विजयवर्गीय के कई स्थानों पर कार्यक्रम निर्धारित है, साथ ही उनका जन्मदिन भी है। इस विशेष दिन को और भी यादगार बनाते हुए वे विधायक निवास पहुंचे और कालू सिंह ठाकुर के सुपुत्र पवन एवं भतीजी किरण को स्नेहपूर्वक आशीर्वाद प्रदान किया। इस दौरान उपस्थित परिवार के सदस्यों, जिला अध्यक्ष चंचल पाटीदार विधायक कालू सिंह ठाकुर, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने उनका आत्मीय स्वागत किया। वातावरण में उत्साह और उल्लास का माहौल रहा। सभी ने मिलकर पवन ओर किरण के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और इस शुभ अवसर को हर्षोल्लास के साथ मनाया। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में भी जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली, जिससे आयोजन को सफल बनाने में सहयोग मिला।

### एमपी बोर्ड फेल छात्रों के लिए एक और अवसर परीक्षा की समय-सारणी जारी, 22 अप्रैल तक करें आवेदन

**धार।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्यप्रदेश द्वारा शैक्षणिक सत्र 2025-26 की मुख्य परीक्षाओं का परिणाम 15 अप्रैल 2026 को घोषित किया जा चुका है। परीक्षा परिणाम में अनुत्तीर्ण रहे विद्यार्थियों के शैक्षणिक भविष्य को ध्यान में रखते हुए मण्डल द्वारा %द्वितीय अवसर% परीक्षाओं का आयोजन सुनिश्चित किया गया है। घोषित परीक्षा परिणाम में अनुत्तीर्ण रहे विद्यार्थी ऑनलाइन माध्यम से 22 अप्रैल 2026 तक आवेदन कर सकते हैं। द्वितीय अवसर की परीक्षाओं का आयोजन 07 मई 2026 से किया जाएगा। मण्डल द्वारा परीक्षाओं की विस्तृत समय-सारणी आधिकारिक वेबसाइट पर जारी कर दी गई है। मण्डल ने समस्त शासकीय, अशासकीय एवं मण्डल से संबद्धता प्राप्त शिक्षण संस्थाओं को निर्देशित किया है कि वे अपनी संस्था के सूचना पटल पर परीक्षाओं की आवश्यक जानकारी एवं समय-सारणी अनिवार्य रूप से चस्पा करें। साथ ही, पात्र विद्यार्थियों को समय रहते आवेदन करने हेतु उचित मार्गदर्शन प्रदान करें ताकि कोई भी विद्यार्थी इस अवसर से वंचित न रहे।अधिक जानकारी के लिए विद्यार्थी संबंधित संस्था अथवा मण्डल की आधिकारिक वेबसाइट का अवलोकन कर सकते हैं।

### स्व . खण्डेलवाल की जयंती पर व्याख्यान

**इंदौर .** भाजपा के आधार स्तंभ रहे स्व . प्यारेलाल खण्डेलवाल की 101वीं जयंती के अवसर पर इंदौर स्थित रवीन्द्र नाथ टैगोर सभागृह में व्याख्यान का आयोजन किया गया . कार्यक्रम के आयोजक प्यारेलाल खंडेलवाल के पौत्र,



भारतीय जनता पार्टी इंदौर के आईटी प्रभारी दीपांश खंडेलवाल पिछले 10 सालों से प्रतिवर्ष प्यारेलाल खण्डेलवाल की जयंती पर व्याख्यान के साथ ही गीत संगीत की प्रस्तुति का आयोजन कर रहे है . कार्यक्रम में विशेष अतिथि के तौर पर शामिल हुए भाजपा के नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने कहा कि स्व प्यारेलाल जी के बताये हुए मार्ग पर चलते चलते भाजपा परिवार आज वटवृक्ष बन गया है . जनसंघ से लेकर भाजपा तक एक विचार को जिन लोगों ने जिया उनमें से प्यारेलाल खण्डेलवाल भी एक थे . वरिष्ठ भाजपा नेता, पूर्व केंद्रीय मंत्री सत्यनाराण जटिया ने प्यारेलाल खंडेलवाल को याद करते हुए कहा कि प्यारेलाल जी संगठन कार्य और अनुशासन की पाठशाला थे . उन्होंने मेरे जैसे कई कार्यकर्ताओं को गढ़ने का काम




किया . इस अवसर पर आयोजक दीपांश खंडेलवाल ने बताया कि स्व . प्यारेलाल खण्डेलवाल जी ने मध्यप्रदेश में संगठन को स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। संगठन और कार्यकर्ताओं को गढ़ने में प्यारेलाल जी का अमूल्य योगदान रहा। कार्यक्रम का समापन पूर्व केंद्रीय मंत्री सत्यनारायण जटिया, नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, सांसद शंकर लालवानी, विधायक मालिनी गौड़, महेंद्र हार्डिया, सीतादेवी खण्डेलवाल, दीपांश खण्डेलवाल की उपस्थिति में हुआ।

### पशु चिकित्सकों की कॉन्फ्रेंस 19 तक

**इंदौर .** प्रदेश व शहर में पहली बार 17वीं एफएसएपीएआई इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस आयोजित होने जा रही है, जिसमें दुनिया भर के 2000 विशेषज्ञ एक मंच पर जुटेंगे। 19 अप्रैल 2026 के बीच आयोजित होने वाली इस महाकुंभ में पालतू पशुओं की बीमारियां जैसे किडनी, आंखों और गंभीर ऑपरेशन के साथ ही बोनमैरो ट्रांस्प्लांट जैसे विषयों पर देश विदेश से आने वाले स्पीकर्स केस स्टडी के साथ जानकारी देंगे . यह आयोजन फेडरेशन ऑफ स्मॉल एनिमल प्रैक्टिशनर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एफएसएपीएआई) और यूनाइटेड स्मॉल एनिमल प्रैक्टिशनर्स एसोसिएशन मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ द्वारा ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में करवाया जाएगा. इसमें देशभर के वेटरनरी प्रोफेशनल्स के साथ अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ भी शामिल होंगे, जो सर्जरी, मेडिसिन, इमेजिंग और एनिमल वेलफेयर जैसे विषयों पर अपने अनुभव साझा करेंगे . ऑर्गेनाइजिंग कमिटी के प्रेसिडेंट डॉ एचएल साहू ने बताया कि कांफ्रेंस में जनरल सर्जरी के लिए ऑस्ट्रेलिया से डॉ चाल्स, ऑप्थेल्मोलॉजी के लिए पुर्तगाल से डॉ . रुई ओलिवेरा और नेफ्रोलॉजी के लिए ब्राजील से डॉ मार्शो आ रहे हैं . वाईस प्रेसिडेंट डॉ पदम जैन ने बताया कि डॉक्टर्स को नई तकनीक सीखने के लिए वीडियो की मदद ली जाएगी . ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ नरेंद्र चौहान ने बताया कि सम्मेलन के दौरान वैज्ञानिक सत्रों के साथ-साथ हैंड्स ऑन वर्कशॉप, इंटरएक्टिव सेमिनार और केस डिस्कशन भी आयोजित किए जाएंगे . खास बात यह है कि प्रतिभागियों को प्रैक्टिकल ट्रेनिंग का मौका भी मिलेगा, जिसमें सर्जरी और अन्य प्रक्रियाओं का लाइव अनुभव कराया जाएगा .

# अक्षय तृतीया पर सीएम कन्या विवाह योजना आयोजन की तैयारी को लेकर बैठक

नवभारत न्यूज़

**मांडू । 19 अप्रैल को आयोजित होने वाले अक्षय तृतीया पर्व के अवसर पर मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के सफल आयोजन को लेकर विधायक निवास, सिमराली में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष चंचल पाटीदार ने की। इस दौरान विधायक कालू सिंह ठाकुर ने जिला अध्यक्ष का स्वागत और अभिनंदन किया।**

बैठक में धरमपुरी विधानसभा क्षेत्र के सभी मंडल अध्यक्षों एवं कार्यकर्ताओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई। योजना के सुचारू संचालन के लिए विभिन्न जिम्मेदारियां कार्यकर्ताओं को सौंपी गईं। जिला अध्यक्ष चंचल पाटीदार ने कार्यकर्ताओं को अनुशासन बनाए रखने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि कार्यक्रम के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था नहीं होनी चाहिए।



इस अवसर पर यह भी विशेष रूप से उल्लेख किया गया कि विधायक कालू सिंह ठाकुर अपने पुत्र पवन का विवाह भी इसी मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत संपन्न करवा रहे हैं, जिसे उनकी सामाजिक प्रतिबद्धता और सराहनीय पहल के रूप में देखा जा रहा है।

बैठक में सभी कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया गया कि वे आयोजन को सफल बनाने में पूर्ण सहयोग दें, ताकि यह कार्यक्रम एक आदर्श उदाहरण बन सके और धरमपुरी विधानसभा क्षेत्र में इस पहल की व्यापक सराहना हो।

मीडिया प्रतिनिधि नीलेश माहेश्वरी के अनुसार, जिला अध्यक्ष चंचल पाटीदार ने विधायक के साथ मिलकर कार्यक्रम स्थल एवं व्यवस्थाओं का निरीक्षण भी किया।

# गंधवानी विधानसभा में तीन गेहूं उपार्जन केंद्रों की 48 घंटों में दिलवाई मंजूरी

- नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार बोले किसानों, शोषितों और वंचितों की लड़ाई लड़ता रहूंगा...
- किसानों ने माना आभार

**बाग।** गंधवानी विधायक एवं नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने किसानों की मांग पर 48 घंटों में अपनी विधानसभा क्षेत्र में तीन स्थानों पर समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन केंद्र शुरू किए जाने की जानकारी साझा की है।

जानकारी अनुसार 12-13 अप्रैल को विधानसभा क्षेत्र के



भ्रमण पर रहे विधायक नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार को क्षेत्र के किसानों ने गेंहू खरीदी समर्थन मूल्य पर बाग, जिराबाद ओर गंधवानी में सेंटर शुरू करवाने की मांग जोरदार तरीके से रखी थी। इसी परिप्रेक्ष्य में जब क्षेत्र के भृमण पश्चात भोपाल पहुँचे उमंग सिंघार ने किसानों की आवाज बनकर पत्र लिखा तो सरकार ने गंधवानी विधानसभा के बाग, गंधवानी ओर जिराबाद में भी समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन खोलने की अनुमति तत्काल दी। उमंग सिंघार ने बताया कि सरकार से लड़कर वे किसानों की समस्याओं को हल करवाते है तो गाँवो की समस्याओं के लिए वे हमेशा तत्तपर रहते है अभी कुछ दिन पहले ही बाग के युवाओं को साढ़े सात करोड़ के खेल स्टेडियम की स्वीकृति भी सिंघार ने करवाई थी। सिंघार ने कहा वे विधानसभा सत्र में मुखर होकर उठाते है और प्रदेश की जनता के लिए वे यह हमेशा करते और लड़ते रहेंगे। विधायक सिंघार का गेंहू उपार्जन केंद्र खुलवाने पर कांग्रेस नेताओं, किसान नेताओं ने हर्ष व्यक्त किया है।

# अभियान चलाकर करें खाद-बीज विक्रय करने वाली संस्थाओं की जांच : मंत्री कुशवाह

- निम्न गुणवत्ता का बीज उपलब्ध कराने वाली हैदराबाद की कंपनी को किया प्रतिबंधित
- कंपनी के विरुद्ध आपराधिक प्रकरण हुआ दर्ज

**धार। उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण मंत्री नारायन सिंह कुशवाह ने विशेष अभियान चलाकर प्रदेश में खाद-बीज, विक्रय करने वाले संस्थाओं और दुकानों की जांच करने के निर्देश दिये है। उन्होंने बताया कि धार और खरगोन जिले में किसानों को करेला (सब्जी) का निम्न गुणवत्ता का बीज प्रदाय करने से किसानों की फसल को काफी नुकसान हुआ है। कंपनी के परिणामस्वरूप निम्न गुणवत्ता का बीज उपलब्ध कराने वाली कंपनी नुन्हेम्स इंडिया प्रायवेट लिमिटेड हैदराबाद (तेलंगाना) को प्रतिबंधित कर कंपनी के विरूद्ध आपराधिक दर्ज कराया गया है।**

मंत्री कुशवाह ने कहा कि किसानों को उद्यानिकी फसलों का उत्तम गुणवत्ता का बीज उपलब्ध करना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने निर्देश दिये है कि सभी जिलों में खाद-बीज विक्रय करने वाली संस्थाओं की जांच अभियान चलाकर की जाये। इसके लिये भोपाल स्थित संचालनालय के वरिष्ठ अधिकारी भी जिलों का भ्रमण कर संस्थाओं का आकस्मिक निरीक्षण करें।

मंत्री श्री कुशवाह ने बताया कि तेलगांना राज्य की कंपनी नुन्हेम्स इंडिया प्रा. लि. हैदराबाद द्वारा धार जिले के विकासखंड धरमपुरी, उमरबन, मनावर, डही, कुक्षी एवं निसरपुर तथा खरगौन जिले के महेश्वर, ब?वाह एवं कसरावद विकासखंड के किसानों को करेले की रोबस्टा किस्म की बीज विक्रय किये गये थे। किसानों द्वारा धार जिले में 84 हैक्टेयर तथा खरगौन जिले में 110 हैक्टेयर क्षेत्र में करेले की फसल लगाई गई थी। लेकिन फसल रोपने के 80 से 90 दिन के बाद भी करेले की फसल निम्न गुणवत्ता के साथ पौधो पर आई जो जिसके फल पीले पड़कर स्वयं ही बेल से टुटकर गिर रहे थे।

किसानों की शिकायत पर कलेक्टर धार और खरगोन द्वारा संयुक्त दल गठित कर प्रक्षेत्र की फसलों की जांच कराई गई। जो प्रथम दृष्टया सही पाये जाने पर आवश्यक वस्तु 1955 की धारा 3, बीज अधिनियम 1966, बीज नियंत्रण 1983 के प्रावधानों का उलंघन पाये जाने पर मेसर्स नुन्हेम्स इंडिया प्रा. लि. हैदराबाद (तेलंगाना) द्वारा उत्पादित करेला फसल की निम्न गुणवत्ता की रोबस्टा किस्म को आगामी आदेश तक धार और खरगौन जिले में विक्रय, भंडारण परिवहन को प्रतिबंधित किया गया है। साथ ही धार जिले में कंपनी के विरूद्ध आपराधिक प्रकरण भी दर्ज कराया गया

# ब्राह्मण समाज 19 को मनाएगा भगवान परशुराम का जन्मोत्सव

भगवान परशुराम का अभिषेक दुर्गा माताजी मंदिर और महाआरती प्रसादी श्रीराम मन्दिर मारु समाज में

- घर-घर जाकर दे रहे निमंत्रण

**सरदारपुर ।** नगर के ब्राम्हण समाजजनो द्वारा 19 अप्रैल को आराध्य देव भगवान परशुराम का जन्मोत्सव श्रद्धा उत्साह के साथ मनाए जाने का निर्णय लिया गया है।

भगवान परशुराम जन्मोत्सव समिति के नवनियुक्त अध्यक्ष आंशु शर्मा ने बताया कि भगवान परशुराम जन्मोत्सव मनाने के लिए समाज के प्रत्येक घर-परिवार में पहुंचकर निमंत्रण आमंत्रण दिया जा रहा है। शर्मा ने बताया कि भगवान परशुराम के जन्मोत्सव दिवस 19 अप्रेल सुबह 9 बजे नेशनल हाइवे इन्दौर अहमदाबाद



मार्ग के समीप प्राचीन दुर्गा माताजी मंदिर परिसर में भगवान परशुराम का अभिषेक विद्वान पंडितों के सानिध्य में मंत्रोच्चार के साथ किया जाएगा। शाम 6 बजे पूजन, रात 7 बजे श्रीराम चौराहा के समीप श्रीराम मन्दिर मारु समाज स्थल पर भगवान परशुराम की महाआरती और स्तुति , 7,45 बजे प्रसादी वितरित की जाएगी। समिति अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि कार्यक्रम निर्धारित समय पर शुरु किए जाएंगे, समाजजन अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर और समय का विशेष ध्यान मे रखते हुए आयोजन को सफल बनाने का आग्रह समिति ने किया है। जानकारी मिडिया प्रभारी लक्ष्मण तिवारी ने दी।

## एक नजर में

मध्य प्रदेश में मनाया जा रहा 25 अप्रैल तक नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा

# नारी शक्ति वंदन से महिलाओं की भागीदारी में बढ़ोतरी

**धार। केंद्र सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नारी शक्ति वंदन अधिनियम लागू करने की तैयारी की है, जिसके अंतर्गत महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी को 14 फीसदी से बढ़ाकर 33 प्रतिशत कर दिया गया है। मध्य प्रदेश शासन के निर्णयानुसार, इस ऐतिहासिक उपलब्धि को पूरे प्रदेश में उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। इसी क्रम में 10 अप्रैल 2026 से 25 अप्रैल 2026 तक नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है।**

महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी सुभाष जैन के निर्देशानुसार, यह उत्सव जिला, विकासखंड, शहरी एवं ग्रामीण परियोजना स्तर पर उत्साहपूर्वक मनाया जा रहा है। पखवाड़े के दौरान नारी शक्ति पदयात्रा, दीवार लेखन, संगोष्ठी और व्याख्यान माला जैसी गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं, जिनमें महिला समूह, लखपति दीदी और लाडली बहनों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की गई है।

वन स्टॉप सेंटर, धार द्वारा शहर के चिटनिस चौक क्षेत्र में आयोजित एक धार्मिक कार्यक्रम के दौरान संगोष्ठी का






आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं को बताया गया कि अब वे संसद और विधानसभाओं में 33 फीसदी आरक्षण की पात्र हैं।

जिससे वे अपने मत का प्रयोग स्वयं के नेतृत्व के लिए कर सकेंगी। इस अवसर पर पूर्व पार्षद अनीता महालय ने महिलाओं को अधिनियम की बधाई दी। वहीं, आर्य समाज के प्रधान श्री लाखन सिंह ठाकुर ने महिला सशक्तिकरण के प्रयासों की सराहना करते हुए महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने हेतु प्रोत्साहित किया। सामाजिक गतिविधियों के अंतर्गत जिला भोज चिकित्सालय में भी महिलाओं को अधिनियम की जानकारी दी गई। उन्हें समझाया गया कि समाज में अब उनके अधिकार पुरुषों के समान सुनिश्चित किए गए हैं। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को नारी शक्ति वंदन के समर्थन हेतु टोल-फ्री नंबर पर मिस कॉल भी करवाया गया। इस अवसर पर जूडो-कराटे प्रशिक्षक कुमकुम श्रीवास्तव सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।